हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विष्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विष्वविद्यालय)
(A Central University)

---

पत्रांक : हे0न0ब0ग0वि0वि0 / परीक्षा / 2022 / 783 दिनॉकः 25/07/2022

# शुद्धिपत्र (Corrigendum)

विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व निर्गत कार्यालयादेश सं0 हे0न0ब0ग0वि0वि0 / परीक्षा / 2022 / 398 दिनॉक 23 / 07 / 2022 में आंशिक संशोधन करते हुये एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि **"कोविड–19 महामारी के कारण विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र 2019–20 एवं 2020–21 की सम सेमेस्टरों की परीक्षायें, आन्तरिक परीक्षा के आधार पर आयोजित की गयी थी "** उन सेमेस्टरों के ऐसे सभी छात्र / छात्रायें जिनका परीक्षा परिणाम, परीक्षा शुल्क जमा न होने के कारण घोषित नही किये गये हैं , कोविड–19 की विशेष परिस्थिति में और भविष्य में इसे **नजीर न मानते हुये** उन समस्त छात्र–छात्रायें जिन्होने किसी कारण वश सत्र 2019–2020 एवं 2020–2021 की सम सेमेस्टरों (II,IV,VI एवं VIII) में अपनी परीक्षा शुल्क जमा नही की हो और उनकी आन्तरिक परीक्षा के अंक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को प्राप्त हो चुके हो एवं इस तरह के सभी प्रकरणों को, **रू0 2,500 / – (दो हजार पॉच सौ रूपये)** विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने एवं परीक्षाफल घोषित किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती हैं। यह आदेश अन्तिम सेमेस्टरों के छात्रों पर लागू नही होगा। उक्त शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि **04 अगस्त 2022** तक एवं शुल्क विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर में जमा होगा।

उक्त आदेश सक्षम अधिकारी की अनुमति से जारी हैं।

(अरविन्द कुमार)
सहायक कुलसचिव, परीक्षा

**प्रतिलिपिः–**

1. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञिप्ति को दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान / अमर उजाला / शाह टाइम्स / राष्ट्रीय सहारा में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
2. समस्त प्राचार्य / निदेशक, सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थानों।
3. कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र / ई–गर्वनेन्स ।
4. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / परिसर निदेशक पौडी / टिहरी परिसर।
5. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक / सहायक कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक / अनुभाग अधिकारी परीक्षा / परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।
6. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करे।
7. निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
8. निजी सचिव प्रति कुलपति, मा0प्रति कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
9. निजी सचिव कुलपति, मा0कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।

(अरविन्द कुमार)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)